# झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग

चाय बगान, कालीनगर, नामकोम, राँची–834010.

## आवश्यक सूचना

दिनांक–22.11.2019

ऐसी शिकायत प्राप्त हुई है कि झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित की जा रही झारखण्ड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा–2018 एवं विशेष शाखा आरक्षी (क्लोज कैडर) प्रतियोगिता परीक्षा–2018 में कतिपय असामाजिक तत्व एवं समूहों द्वारा परीक्षा से संबंधित अभ्यर्थियों को फोन से सम्पर्क कर उन्हें परीक्षा में उत्तीर्ण कराने का दावा करते हुए उनसे बड़ी राशि मांगने का प्रयास किया जा रहा है।

आयोग की परीक्षायें पूर्णतः स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शी हैं। अतः कोई भी व्यक्ति यदि आयोग की परीक्षा में उत्तीर्ण कराने के एवज में आपसे राशि की मांग करता हैं तो उन्हें कोई भी राशि नहीं दें तथा ऐसे व्यक्ति के सम्बन्ध में स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

ह०/–

सचिव।